INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	Department: Hindi	Date of submission: Keep in File
Question bank	Topic: खिलौना	Note: Read and practice

पाठ - **खिलौना** (Question bank)

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क.मिट्टी में खिलौना किसने फेंक दिया ?

उत्तर : गरीब माँ के बेटे ने खिलौना मिट्टी में फेंक दिया ।

प्रश्न ख. माँ ने बालक को मिट्टी के खिलौने से ही खेलने के लिए क्यों कहा ?

उत्तर : माँ ने बालक को मिट्टी के खिलौने से ही खेलने के लिए कहा क्योंकि वह गरीब थी । वह अपने बेटे को सोने - चाँदी के महँगे खिलौने नहीं दे सकती थी ।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. माँ के व्यथित होने का कारण क्या था ?

उत्तर :गरीब माँ अपने बेटे को सोने - चाँदी के महँगे खिलौने नहीं दे सकती थी । परन्तु बालक राजकुमार के सोने - चाँदी के महँगे खिलौने पाने की ज़िद कर रहा था; इसलिए माँ व्यथित थी ।

प्रश्न ख. दीना का लाल किस खिलौने को लेने के लिए मचल पड़ा ?

उत्तर : दीना का लाल राजकुमार के सोने - चाँदी के महँगे खिलौने पाने के लिए मचल पड़ा जिससे वह खेल रहा था ।

प्रश्न ग. सब दास-दासियाँ क्यों दौड़ पड़े ?

उत्तर: राजकुमार गरीब बालक के मिट्टी के खिलौने पाने के लिए रो पड़ा इसलिए दास-दासियाँ उसे बहलाने के लिए दौड़ पड़े ।

अतिरिक्त प्रश्न

1. दीना के लाल का खिलौना किससे बना था ?

   उत्तर : दीना के लाल का खिलौना मिट्टी से बना था ।

2. राजकुमार के खिलौने किससे बने थे ?

   उत्तर : राजकुमार के खिलौने सोने-चाँदी से बने थे ।

3. मिट्टी का गुड्डा किसने फेंक दिया ?

   उत्तर : दीना के बेटे ने मिट्टी का गुड्डा फेंक दिया ।

4. रजत - हेम उपहार किसने फेंक दिए ?

   उत्तर: राजकुमार ने रजत हेम उपहार किसने फेंक दिए ।

5. राजहठी किसे कहा गया है ?

   उत्तर: राजा के बेटे को राजहठी कहा गया है ।

पाठ्य पुस्तक --1 सही विकल्प चुनिए।

1. बच्चा क्या लेने की ज़िद कर रहा था ?

   *खिलौना *मिठाई *पिचकारी *कपड़े

2 . गुड्डा किसका बना था ?

   *काँच का *मिट्टी का *लोहे का *प्लास्टिक का

3 . राजपुत्र के रोने पर कौन दौड़ पड़े ?

   *माता-पिता *दादा-दादी *दास-दासियाँ *उसके मित्र

4 . राजकुमार क्यों मचल गया ?

   *घोड़े के लिए *हाथी के लिए *मुकुट के लिए *खिलौने के लिए